हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 मई 2024

04 युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए राजपूत...



08 लोस सीट 'विदिशा' में वोटिंग 7 मई को 19 ...






## खबर संक्षेप

### थर्ड जेंडर मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई

**विदिशा।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए 10 डेज मेगा इवेंट के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विदिशा नगरीय क्षेत्र के थर्ड जेंडर मतदाताओं को भी मतदान करने की शपथ दिलाई गई। जिसे थर्ड जेंडर मतदाताओं ने शपथ दोहराते हुए लोकसभा निर्वाचन में आगामी 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान अवश्य करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से भी मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने की अपील की है।

### प्रतियोगिताः निबंध और रंगोली से किया जागरुक

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को आनंद विभाग के संजय श्रीवास्तव, अंजना श्रीवास्तव एवं वरना श्रीवास्तव ने संबोधित किया तथा आंतरिक स्वास्थ्य एवं आनंद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने प्रश्नोत्तरी शैली द्वारा जीवन में आनंद की स्थिति को स्पष्ट किया। प्रतिभागियों से कई सवाल किए, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कॉलेज में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर निबंध लिखे तथा मतदान से संबंधित रंगोली बनाई।

### कलेक्टर वैद्य ने पीले चावल देकर न्यौता दिया

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य गुरूवार को मेहलुआ चौराहे पर आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में शामिल हुए। उन्होंने व्यापारियों को पत्रिका एवं पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता दिया। होटल व्यवसाईयों से उन्होंने कहा कि वे मतदाताओं की सहूलियत के लिए अपनी ओर से कुछ विशेष नवाचार करें। यह स्वैच्छिक कार्य आप लोगों पर निर्भर है। इस अवसर पर कुरवाई एसडीएम श्री मनोज प्रजापति समेत अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी भी साथ मौजूद रहे।

### देवखजूरी में लिपिक शर्मा सेवानिवृत्त हुए



**विदिशा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक देवखजूरी में लिपिक के पद पर पदस्त घनश्याम शर्मा का बुधवार को सेवानिवृत्ति हुए। इस मौके बैंक कर्मचारियों द्वारा उन्हें विदाई दी गई। घनश्याम शर्मा यहां लगभग 3 वर्ष से कार्यरत थे। शर्मा की सेवा निवृत्ति के अवसर पर बीएम गंगाराम अहिरवार, सुपरवाइजर मनोज शर्मा, समिति प्रबंधक राजाराम नरवरिया, राजीव दुबे, किशन रघुवंशी, शुभम रघुवंशी, कमलेश शर्मा, शुभम शर्मा, एवं बैंक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 40 डिग्री के ऊपर पहुंचा तापमान, अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

# गर्मी का असरः अस्पताल के मेडिकल वार्ड में 30 बेड पर 100 से ज्यादा मरीज हैं भर्ती

जिला अस्पताल में अचानक मरीजों की संख्या बढ़ गई है। गुरुवार को सुबह से दोपहर तक ही करीब 60 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए। तेज गर्मी के कारण उल्टी दस्त की शिकायत लोगों में बढ़ रही है। वहीं बच्चों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। डॉक्टरों गर्मी में अधिक मात्रा में पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। जिसे डिहाईड्रेशन जैसी समस्या न हो। गर्मी में पानी की कमी के कारण सेहत सबसे अधिक खराब होती है।

- जरूरी हो तो ही दोपहर में घर से बाहर निकलें।
- तेज मिर्च मसाले वाले खाने से बचें, फलों का उपयोग करें।



**विदिशा।** जिला अस्पताल में एक पलंग पर दो दो मरीज भर्ती हैं, कहीं पर तीन मरीज भी एक साथ बैठे हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। वर्तमान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। ऐसे में गर्मी की वजह से जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

गर्मी का असर बुजुर्गों और बच्चों की सेहत पर ज्यादा पड़ रहा है। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। पेट दर्द, बुखार के अलावा उल्टी, दस्त बीमारी के मरीज हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। जिला चिकित्सालय में हालात यह हैं कि रोजाना 24 घंटे के दौरान 100 मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। इन मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या मरीज उल्टी-दस्त के हैं। मेडिकल वार्ड में 30 मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था है। जबकि वहां पर 100 से ज्यादा मरीज भर्ती हो रहे हैं। जिसके चलते एक पलंग पर दो-दो या तीन-तीन मरीजों को एक साथ रखना पड़ रहा है। मरीज के परिजन ने बताया कि इतना बड़ा हॉस्पिटल है, लेकिन इलाज कराने के लिए पलंग नहीं मिल पा रहा है। एक पलंग पर दो लोग हैं, अब मजबूरी में इलाज कराना पड़ रहा है। वहीं मरीजों के परिजनों ने बताया कि उसकी उल्टी हो रही थीं तो उसे लेकर हॉस्पिटल लेकर आए थे, लेकिन हॉस्पिटल में जगह नहीं है। पहले से एक पलंग पर महिला थी उसके बगल में ही बहन को लेटा दिया अब उसका इलाज किया का रहा है। नर्सिंग ऑफिसर वेला सिस्टर ने बताया कि गर्मी के मौसम के कारण लोगों की सेहत खराब हो रही है। पेट से संबंधित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। जिला अस्पताल में उल्टी व दस्त के मरीजों की संख्या तेजी से बड़ी है। लोगों को अब संयमित भोजन करना चाहिए। हरी सब्जियों का प्रयोग करना चाहिए।

इस मौसम में डिहाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की कमी होने लगती है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पानी पीयें और तरल पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करना चाहिए। जिससे शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहेगी। गर्मी के मौसम में मरीज को सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। सुबह से रात तक मरीजों की संख्या 100 तक पहुंच जाती है। गुरुवार दोपहर तक 60 मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हुए।

### मतदान का प्रतिशत कम न होः व्यय प्रेक्षक

## कलेक्टर ने शत प्रतिशत मतदान के गुर बताए, बीएलओ का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा निर्वाचन की मतदान तिथि सात मई को सभी मतदाता अपने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान जरूर करें कि मनसा से अवगत कराते हुए मतदान केन्द्रो पर किए जाने वाले प्रबंधों के साथ-साथ मतदान कर्मियों के लिए क्या दायित्व हैं पर आधारित मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कुरवाई के उत्सव गार्डन में आयोजित किया गया था।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 सागर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मधुर अग्रवाल ने कुरवाई के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर संबंधितों से कहा कि मतदान का प्रतिशत कम ना हो इस बात की विशेष पहल की जाए। उन्होंने डोर टू डोर संपर्क करने पर बल देते हुए कहा कि मतदाताओं को बार-बार स्मरण कराए जाने पर वे मतदान करने हेतु जरूर आएंगे। व्यय प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि हरेक बीएलओ अपने-अपने कार्यक्षेत्र के अन्य सहयोगियों के साथ मतदाताओं से सतत सम्पर्क में रहे ताकि सम्पर्क चैन टूट ना पाए।

उन्होंने बीएलओ से कहा कि डोर-टू-डोर सम्पर्क के दौरान मतदाताओं को यह भी आश्वस्त कराए कि निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सुविधा को ध्यानगत रखते हुए क्रियान्वयन की जबावदेही सौंपी है जिसमें मतदाताओं को पीने के लिए जल, धूप से बचाव के लिए शेड, आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सीय सुविधा के अलावा मतदान केन्द्रों में बिजली, पंखा समेत अन्य सुविधाएं मतदानकर्मियों के साथ-साथ मतदाताओं के लिए मुहैया कराई गई है। उन्होंने कहा कि मतदाता पंक्तिबद्ध रो में अधिक समय तक ना लगे इसके लिए स्थानीय स्तर पर ऐसे प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

### ब्राउन शुगर व गांजे के आरोपियों को सजा सुनाई

**विदिशा।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस मनोज कुमार राठी ने गांजा एवं ब्राउन शुगर रखने वाले आरोपियों को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी छोटी बाई अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सेमरा थाना बासौदा शहर, ओमप्रकाश अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक के पास लाल पठार गंजबासौदा को एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के तहत 3 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया है।

## गणाचार्य विरागसागर महाराज के प्रमुख शिष्य कवि हृदय विनम्रसागर महाराज का ससंघ आगमन हुआ

### अरिहंत विहार जैन मंदिर में प्रतिदिन सुबह 8:15 से होंगे मंगल प्रवचन

आज भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी के जन्म और तप कल्याणक अवसर पर किरी मोहल्ला स्थित महावीर जिनालय में सुबह 6:30 बजे से होगा मस्तकाभिषेक

#### सिर पर कलश रखकर की अगवानी

अरिहंत बिहार कॉलोनी में घरों के सामने रंगोली सजाई गई। महिला मंडल ने सिर पर मंगल कलश धारण कर आचार्य श्रीसंघ की मंगल अगवानी की। अविनाश जैन ने बताया विदिशा नगर में आचार्य ब्रहम्चारी अवस्था तथा मुनि अवस्था में दो बार आ चुके हैं। आचार्य बनने के पश्चात यह प्रथम आगमन है। आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के गुरुभाई है। आचार्य श्री ने अरिहंत बिहार जैन मंदिर में पहले ही दिन अपनी काव्यात्मक शैली में प्रवचन करते हुए शुद्ध उच्चारण के साथ संसार की दशा का वर्णन किया और कहा कि देखने कहने और सुनने में आता है कि खाली हाथ आए थे और खाली हाथ ही जाएंगे। लेकिन इंसान कर्म के साथ ही आता है और कर्म के साथ ही जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

क्या लेकर तू आया था, क्या लेकर तू जाएगा, मुट्ठी बांधे आया था हाथ पसारे जाएगा, तेरा ही कर्म तेरा साथ निभायेगा, जीवन है पानी की बूंद कब मिट जाए रे, का व्यात्मक शैली के साथ प्रवचन करते हुए आचार्य विनम्र सागर महाराज ने कहा कि सुबह सुबह उठकर सबसे पहले भगवान को स्मरण किया करो। जो व्यक्ति प्रतिदिन भगवान का अभिषेक एवं गुरुओं का दर्शन करता है उसका पूरा दिन अच्छा गुजरता है। सकल दि.जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया गणाचार्य विरागसागर महाराज के शिष्य भक्तामर वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध एवं जीवन है पानी की बूंद के रचयिता आचार्य विनम्र सागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन हुआ।

दिगंबर जैन मंदिर बंटीनगर सागर पुलिया से उनकी भव्य मंगल अगवानी की गई। आचार्य श्री संघ ने नव निर्मित जिनालय के दर्शन किए इसके बाद अरिहंत विहार जैन मंदिर पहुंचे।

### पड़ोसी पर रॉड से हमला करने वाले आरोपी को 3 साल की सजा

**विदिशा।** न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने मारपीट के एक मामले में आरोपी को तीन साल की सजा सुनाई है। मामला 22 सितंबर 2022 का है। उत्सव गार्डन के पीछे रहने वाले रमेश कुमार श्रीवास्तव सुबह 4 बजे पेशाब करने घर से बाहर निकले तो पड़ोसी गोविंद तोमर ने रॉड से हमला कर दिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर रमेश श्रीवास्तव के भाई ने उन्हे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत में रमेश का उपचार किया गया। मारपीट के इसक मामले की शिकायत रमेश श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली थाने में की गई थी। शासकीय अधिवक्ता हिम्मत सिंह कुशवाह ने साक्ष्यों से घटना को प्रमाणित किया। न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा घटना को प्रमाणित पाते हुए आरोपी गोविंद सिंह तोमर को 3 वर्ष के साश्रम कारावास व 1 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

### उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कांग्रेस पर जमकर बोला हमला

## कांग्रेस ने देश में 60 साल राज किया और अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया इसके अलावा कुछ नहीं कियाः देवड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

गुरुवार को मानोरा में मप्र के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने एक आमसभा में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस में ऐसा कोई भी नेता है जो माइक पर आक हिसाब बता जाए। एक हमारी नरेंद्र मोदी की सरकार है एक-एक रुपए का हिसाब गांव-गांव जाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा में दे रही है।

10 साल के कार्यकाल में सरकार द्वारा गरीब कल्याण के लिए काम किया है। हमारी सरकार द्वारा पूरा पैसा देश के विकास के लिए खर्च किया है। कांग्रेस की सरकार ने देश में 60 साल तक राज किया और करोड़ों अरबों रुपए का भ्रष्टाचार किया, इसके अलावा कुछ नहीं किया।



**उप मुख्यमंत्री बोलेः** कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया, अब किस मूंह से जनता के बीच वोट मांगेंगे

इन कांग्रेसियों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। अब वही कांग्रेस चुनाव लड़ रही है जिसने राम मंदिर का विरोध किया। यह कांग्रेसी किस मुंह से जनता के बीच वोट मांगने जा रहे हैं। उन्होंने आमसभा में मौजूद लोगों से अपील करते हुए कहा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सांसद प्रत्याशी के रूप में आप सबके बीच है। जिन्होंने मप्र को बीमारू राज्य से विकासशील राज्यों की श्रेणी में कर दिया है।

### न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर 4 को

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार 4 मई को किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर की जानकारी देते हुए जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मसूद अहमद खान ने बताया कि रक्तदान शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, पैरालीगल वालिटियर्स, महाविद्यालयों के छात्रों से सहयोग करने का आव्हान किया गया है। जिला न्यायालय परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आमजनों से रक्तदान करने की अपील की गई है। आम लोगों से भी इस शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

## पीले चावल और मनुहार पाती भेंट कर प्रेरित किया

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में 7 को शत प्रतिशत मतदान हो। इसके लिए कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। गुरुवार को मतदाता जागरुकता रैली निकालकर तहसील कार्यालय शमशाबाद पहुंचकर कार्यालय स्टाफ कोर्ट रीडर, नाजिर, पटवारी साहवान, लोकसेवा प्रबंधक एवं उपस्थित नागरिकों को पीले चावल देकर मनुहार पाती भेंट कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। साथ ही मतदान की शपथ भी दिलाई गई।

शमशाबाद विधानसभा अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्र क्रमांक 74 ग्राम पामारिया में मतदाता चौपाल का आयोजन कर 7 मई को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।इसके साथ ही जनपद पंचायत नटेरन में भी मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अजय प्रताप सिंह पटेल शामिल हुए। उन्होंने मतदाताओं को मतदान करने पीले चावल भेंटकर आमंत्रित किया है।

### प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के समक्ष ली शपथ

**ग्यारसपुर।** शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 209 पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राजेश तिवारी और मंडल अध्यक्ष राजेश यादव की मौजूदगी में बूथ क्रमांक 209 की लाड1ली बहनों द्वारा शपथ ली गई कि हम अपना वोट शिवराज सिंह चौहान को देंगे और मोहल्ले की महिलाओं का वोट दिलाएंगे। इस दौरान बूथ अध्यक्ष सीताराम कुशवाह, कैलाश प्रजापति, राघवेंद्र शर्मा, भगवान सिंह कुशवाह, संतोष कुशवाह, रामदयाल कुशवाह, मोनू विश्वकर्मा, रजनी कुशवाह, शांति कुशवाह, मुन्नी बाई, फूलबाई, सिया बाई आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



## आदिवासी गांव में पहुंचकर बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में समझाइश दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर



ब्लॉक ग्यारसपुर की ग्राम खंदा में आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में 10 बाल विवाह पक्के होने की सूचना मिलने पर सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन एक्सेस टू जस्टिस फेस 2 की टीम ग्राम खंदा पहुंची। जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से मिलकर बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। टीम उनके घर पहुंची।

बालक एवं बालिका के परिजनों से मिलकर उनको बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गई। परिजनों से अंडरटेकिंग फार्म भरवारा गया। जिसमें परिवार एवं परिजनों के द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह अपने बच्चों का विवाह बालिक होने के बाद ही करेंगे तथा टीम के द्वारा उनको समझाइश दी गई कि यदि वह बच्चों का विवाह 18 वर्ष एवं 21 वर्ष से कम करते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों के द्वारा टीम को आश्वासन दिया गया कि वह अपने बच्चों का बाल विवाह बालिग होने के बाद ही करेंगे। समझाइश देने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर दीपा शर्मा , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा शर्मा सहायिका, क्रांति आदिवासी, सीएसडब्ल्यू सीताराम कुशवाह, इस दौरान मौजूद रहे।

### जिले की 12 तहसीलों की 577 ग्राम पंचायतों में से 500 पंचायतों में पहुंच चुकी उपयात्रा

# गायत्री परिवार की श्रद्धा संवर्धन उपयात्रा रिनिया पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अखिल विश्व गायत्री परिवार गत 17 जनवरी से मातृशक्ति अखंड दीपक जनशताब्दी वर्ष श्रद्धा संवर्धन उप यात्रा निकाल रहा है।

इसी क्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार विदिशा की जिले की 12 तहसीलों की 577 ग्राम पंचायतों में से लगभग 500 ग्राम पंचायतों में अपने रथों के माध्यम से पहुंच चुका है। नटेरन तहसील के ग्राम रिनिया में वरिष्ठ पत्रकार अटल तिवारी ने शक्ति कलश का पूजन किया एवं आरती उतारी। इन रथों के माध्यम से गायत्री परिजन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंचकर गुरुदेव वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं. आचार्य श्रीराम शर्मा के जीवनकाल, उनकी साधना, उनके विचारों को समाज तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इन उप यात्राओं में श्रीराम कटियार, राजाराम पवार, सुमन भदौरिया, सौरभ गुप्ता, प्रकाश सोनकर, विजया श्रीवास्तव, संतोष सिंह भदौरिया, वंदना श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, धनेश्वरी भदौरिया, रश्मि द्विवेदी, रश्मि पोरवाल, रामचरन चौकसे, श्याम सुंदर माथुर, भगवान सिंह राजपूत, जयराम अहिरवार, संगीता शर्मा, निशा शर्मा, ज्ञान सिंह दांगी, श्याम मोहन दुबे, फूल सिंह कुर्मी, ओमकार शर्मा, सुभाष शर्मा,प्राण सिंह अहिरवार, बुंदेल सिंह कुशवाहा, मनमोहन विश्वकर्मा, हीरालाल पवार, संगीता पवार, चेतराम साहू, मनीष चौबे आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।



**विदिशा।** ग्रामीणों को एकत्रित कर गायत्री परिवार से जुड़ने कर रहे प्रेरित।

#### गायत्री परिवार से जुड़ने का आह्वान

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि हमारे परिजन गांव-गांव जाकर गायत्री परिवार संगठन के संबंध में लोगों को जानकारी देकर गायत्री परिवार से जुड़ने का आव्हान करते हैं। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार मुख्य रूप से दो बातों को लेकर काम करता है। मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण। गायत्री परिवार व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण के लिए काम करता है। जिले में चलाई जा रही उप यात्रा के रथों में एक शक्ति कलश स्थापित रहता। गांव में पहुंचकर ग्रामीण जनों को एकत्रित करके कलश की आरती कराई जाती है तथा गुरुदेव के विचारों एवं गायत्री परिवार संगठन की रचना पर संक्षिप्त उद्बोधन दिया जाता है। जिससे लोग गायत्री परिवार को जान सकें एवं गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा के विचारों को अंगीकार कर सकें।

### सात किलो गांजे के साथ आरोपी गिरफ़्तार, एक बाइक जब्त

**विदिशा।** गंजबासौदा पुलिस ने 7 किलो गांज के साथ एक महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उदयपुर भालबामोरा रोड ढिमरोली मोड़ पर पहुंचकर भालबामोरा तरफ से आ रहे बाइक चालक को रोककर तलाशी ली गई तो उनके पास से 7 किलो गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ओमप्रकाश पिता कंछेदी अहिरवार एवं बाइक के पीछे बैठी महिला ने अपना नाम छोटीबाई अहिरवार पिता पर्वत सिंह अहिरवार निवासी सेमरा बासौदा बताया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली। आरोपियों से गांजे के संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं विवेचना के बाद पत्र न्यायालय में पेश किया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4200

गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2150
उच्चतम भाव-3090

गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2392

चना
न्यूनतम भाव- 3700
उच्चतम भाव- 6162

मसूर
न्यूनतम भाव-4570
उच्चतम भाव-6250

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-4630

तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4310
उच्चतम भाव-5370

सरसों
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5582

उड़द
न्यूनतम भाव-7500
उच्चतम भाव-8000

धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2605

अलसी
न्यूनतम भाव-4690
उच्चतम भाव-4860

बटरी
न्यूनतम भाव-5475
उच्चतम भाव-7800

मूंग
न्यूनतम भाव-7250
उच्चतम भाव-7250

इमली
न्यूनतम भाव-1620
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में गुरूवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 42809 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई पूरी हो चुकी है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

# नव मतदाताओं के सम्मेलन में आए उपमुख्यमंत्री, महिला मोर्चा ने निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लोकसभा चुनाव की विदिशा सीट पर मतदान तारीख नजदीक आते ही भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार और तेजी से गति पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विदिशा लोकसभा के गंजबासौदा विधानसभा में प्रचार प्रसार की कमान संभाली और विदिशा लोकसभा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समर्थन में कार्यक्रम किए। जहां एक ओर नव मतदाताओं के सम्मेलन में शामिल होकर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित नव मतदाताओं को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं दूसरी ओर प्रबुद्ध जनों से मुलाकात की और अनेक परिवारों में पहुंचकर संपर्क किया।



इसी क्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा राधा कृष्ण पुरम स्थित भाजपा के वरिष्ट नेता राधे श्याम आनंद, नीलेश आनंद, वार्ड 10 के पार्षद मनोज अहिरवार व ग्रामीण मंडल महामंत्री रामकरण अहिरवार के निवास पर भी पहुंचे। इस दौरान स्थानीय दादजी प्लाजा में नव मतदाताओं का एक भव्य सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्रीय विधायक, जिला अध्यक्ष के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा भी शामिल हुए। युवाओं के सम्मेलन को संबोधित करने के लिए मुख्य वक्ता के रूप में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेश मीणा उपस्थित रहे। जिन्होंने नव मतदाताओं से राष्ट्र हित में प्रथम मत का उपयोग करने की अपील की। इसके बाद उप मुख्यमंत्री देवड़ा मनौरा पहुंचे और भगवान जगदीश स्वामी की विधि विधान से पूजन अर्चन कर एक भव्य व विशाल जन सभा को संबोधित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, अमृतांशु यादव, देवेंद्र रघुवंशी, रोहित भावसार, चंद्र शेखर दुवे, जितेंद्र मैना सहित अनेक भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उधर महिला मोर्चा द्वारा वाहन रैली निकाली गई। स्थानीय तारण तरण पाठशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए रेल्वे स्टेशन हनुमान मंदिर होते हुए गांधी चौक तक महिला मोर्चा ने एक भव्य विशाल वाहन रैली निकाली। जिसमें नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियां शामिल हुईं। इसमें प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की सदस्याएं एवं लाडली बहने उपस्थित रहीं। वहीं चुनाव प्रचार को देखते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री विदिशा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान कल शनिवार 4 मई को हेलीकाप्टर से बासोदा आयेंगे और नेहरू चौक पर एक विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने आम जन मानस से अधिक से अधिक संख्या में जन सभा में उपस्थित रहने की अपील की है।



## दो दिन पहले रेलवे ट्रैक पर मिला था युवक का शव

# युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए राजपूत समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस कुलदीप राजपूत नामक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की घटना के बाद उसके परिजन उसकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। इसी को लेकर गुरूवार को राजपूत समाज के लोगों ने कुलदीप की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की पूरी तरह निष्पक्ष जाँच करने एवं आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम निचरोन पडरिया का निवासी कुलदीप राजपूत पुत्र पंचम सिंह राजपूत वार्ड नं 19 में घूसरपुरा धर्मशाला के पास अपने भाई भाभी के साथ निवास करता था। कुलदीप को घटना दिनांक को उसके दोस्त घर से ले गए थे। जब मनोज कुलदीप का बडा भाई घर आया तो मनोज ने कुलदीप के मोबाईल नं 7974199389 पर फोन लगाया और कुलदीप की मनोज से बात हुई। लेकिन कुलदीप देर रात तक घर नहीं पहुँचा और रात्रि के करीब साढे तीन बजे उसके दोस्त का फोन मनोज के





पास आया और कहा कि एक्सीडेंट हो गया है तुम स्टेशन आ जाओ तब मनोज अपनी भोटरसाईकिल से स्टेशन पहुँचा उस समय कुलदीप के तीनो दोस्त अत्यधिक नशे की हालत में मौजूद थे। और कुलदीप हरदूखेडी फाटक की पटरी पर बेचित्त पडा था उस समय जी आर पी पुलिस गंज बासौदा भी घटना स्थल पर मौजूद थी। घटना स्थल पर मनोज को बताया कि कुलदीप भाग रहा था और बंद गेट पर चढ़कर कूदने के बाद ट्रेन से टकरा गया मनोज ने जब कुलदीप की चोट देखी तो उसके सर में तलवार से मारने जैसा निशान था व पैरो में भी चोट थी जी आर पी पुलिस कुलदीप को लेकर जी आर पी चौकी ले गई। घटना स्थल पर कुलदीप के पैरो में मात्र मोजा थे जूते नही थे हमेशा की तरह वह सोने की चैन पहने रहता था वह भी उसके गले में नहीं थी। उसका मोबाईल भी उसके पास नही था जीआरपी पुलिस द्वारा सरकारी अस्पताल में तलाशी लेने पर मात्र सिम उसकी जेब में पाई थी और घर से वह पर्स भी लेकर गया था वह भी उसके पास नही था।

घटना के पूर्व कुलदीप राजपूत के पास अल्टो कार थी जिसका कमांक एमपी 40 सीए 5684 जो कुलदीप के बडे भाई मनोज के नाम से है। वह भी उक्त तीनो व्यक्ति के पास है। पोस्टमार्टम होने के उपरांत दाह संस्कार किये जाने के बाद उसके परिवार एवं भाई ने जब घटना स्थल के आस पास सी सी टी वी कैमरे की खोजबीन की तब देखा कि एक दुकान में बाहर कैमरा लगा है जिसमें बैहलोट वायपास से स्टेशन जाने वाले रास्ते की रिकॉर्डिंग होने की संभावना दिखी तब उस सी सी टी वी कैमरा की सूचना जी आर पी पुलिस बासौदा को दी। जी आर पी पुलिस मोहन पटेल के साथ कुलदीप का बडा भाई मनोज एवं ताउ का लडका विजय राजपूत गये और सी सी टी वी की फुटेज देखी जिसमें आदित्य परिसर से भागकर मेन रोड पर आये जिनके हाथो में तलवार थी और कुलदीप राजपूत को एक लाल शर्ट व काली शर्ट वाले दो व्यक्ति मोटरसाईकिल पर बीच में बिठाकर ले जा रहे थे। पीछे वाला व्यक्ति कुलदीप को जकडे हुआ था और उस मोटरसाईकिल के पीछे एक व्यक्ति दौड लगाकर आ रहा था घटना स्थल से फुटेज में आये व्यक्तियो की दूरी महज दो ढाई सौ फिट के लगभग है। उक्त जानकारी के आधार पर राजपूत समाज द्वारा मामले को संदेहास्पद मानते हुए इस मामले की पूरी जांच कराकर एवं आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## बच्चों ने किया मजदूरों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

किसी भी देश के चहुंमुखी विकास की धुरी वहां काम करने वाले श्रमिको के अथक ओर कठिन श्रम की देन होती है। श्रमिक जिसे हम मजदूर कहते हैं। वह भले ही अशिक्षित हो उसने किसी बेल एजुकेशन प्राप्त न कि हो पर वह उस इंजीनियर के बराबर दिमाग रखता है और उसी के स्तर का काम भी करता है। शून्य से शिखर तक ले जाने में श्रमिक उस नींव के पत्थर की तरह होता है। जो दिखता नही पर उसी के दम पर इमारत,कारखाना ओर नए टेक्नालॉजी की सफलता की इमारत खड़ी रहती है।

एक मई मजदूर दिवस के अवसर श्रमिको का सम्मान किया गया। इसमें छोटे बच्चों ने भी बढ़कर हिस्सा लिया और श्रमिक भाइयों का हौसला बढ़ाया। बुधवार को राजेन्द्र नगर में गृह निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिका का सम्मान पत्रकार लोकेश सक्सेना के पुत्र काव्यांश सक्सेना एवं अन्य बच्चों ने करते हुए उन्हें तिलक लगाकर उपहार भेंट किए।

### गौरक्षा पर्व मनाया, तिलक लगाकर पूजन की



**गंजबासौदा।** आचार्य विद्यासागर गौशाला में गौ रक्षा पर्व के अंतर्गत गौ वंश को माला और तिलक लगाकर पूजन की गई। स्थानीय मेवली कांचरोद रोड स्थित आचार्य विद्यासागर गौ शाला द्वारा वैशाख कृष्ण अष्टमी (शीतल अष्टमी) के दिन गौ रक्षा पर्व मनाया गया। जिसमें पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी प्रणव सिंह एवं पशु चिकित्सा क्षेत्रीय अधिकारी संतोष शर्मा मौजूद रहे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024 25 में गौ रक्षा पर्व कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने गौ शाला के सदस्यों के साथ निराश्रित गौ वंश को तिलक लगाकर माला पहनाई और पूजन की। कार्यक्रम में उपस्थित गौ सेवको द्वारा गौ शाला में 51 किलो गौ ग्रास दान कर गौ वंश को गुड़ खिलाया। गौ शाला ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं दानदाताओं का सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### घायल गाय का किया उपचार



**गंजबासौदा।** गौरक्षा मंच के जिला अध्यक्ष विशाल वैष्णव ने बताया है कि वार्ड क्रमांक 3 से सूचना मिली एक गौ माता और उसकी बछीया बीमार अवस्था में बैठी हैं। जिस पर गौ रक्षा मंच के सदस्यों ने डॉ रविंद्र रघुवंशी को साथ ले जाकर घायल गाय का उपचार कराया एवं भैया यादव के घर पर चारा भूसा की एवं गौ माता को रहने की व्यवस्था कराई गई। इस अवसर पर आकाश साहू,पानबाई साहू, सावित्री साहू , रेखा रघुवंशी, राधा सेन, सुरेंद्र सेन, सुनील कुशवाहा, सत्यम दुबे ,हेमंत गोस्वामी, भैया यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### खलील भाई का निधन

**गंजबासौदा।** सिरनोटा घटेरा वाले खलील भाई मैकेनिक का गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। उनकी जनाजे की नमाज गुरूवार को असर के अदा की जाकर सिरनोटा वाले कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## अनियंत्रित कार खेत में पलटी



**गंजबासौदा।** बीती रात बासौदा गुलाबगंज मार्ग पर ग्राम अंडिया के पास एक कार अनियंत्रित होकर खेत में उतरकर पलट गई। संयोग से इस घटना में किसी को गंभीर चोटें नहीं आईं। बताया जाता है कि कार विदिशा से गंजबासौदा की ओर आ रही थी, तभी अंडिया के पास मोड पर चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और अनियंत्रित कार खेत में उतरकर पलट गई।



**गंजबासौदा।** इन दिनों गुलमोहर के वृक्षों पर लाल बासंती फूलों की बहार आई हुई है। भीषण गर्मी में फूलों से लदे वृक्ष मनोहारी लग रहे हैं।


## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समाज के आर्थिक रूप से अत्यधिक कमजोर वर्ग को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराकर शिक्षित करने के उद्देश्य से राघवेंद्र शिक्षा समिति द्वारा स्थापित और संचालित स्पंदन अकादमी के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शतप्रतिशत मतदान किए जाने का संदेश दिया गया। बच्चो को अपने परिवार जन को मतदान किए जाने का संकल्प भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता बढाने का मुख्य उद्देश्य था, बच्चो ने अपील की मतदाता अधिक से अधिक संख्या में बड़ चढ़ कर भाग ले और भारत के लोक तंत्र को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवे और समृद्धशाली भारत के निर्माण में सहयोगी बने। इस दौरान गायन में सहभागिता करने वाले बच्चे कु. अक्षिता दांगी, कु. प्रतीक्षा भार्गव, कु. दीपिका रघुवंशी,सिमरन, गौरी,अनुष्का,माही उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुशवाह, उप प्राचार्या करुणा सेन एवं कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका ईशा सैनी, खुशी जैन ने किया। साथ संगीत शिक्षिका कीर्ति परिहार और बबिता राजपूत उपस्थित थी।

### नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा

# कथा में सुनाई भक्त प्रहलाद और हिरण्यकश्यप वध की कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सिरोंज चौराहा गोयल पेट्रोल पंप के पास राजोदा रोड स्थित नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास एलिया ने कहा कि भक्त प्रह्लाद हिरण्यकश्यप राक्षस का बेटा था। हिरण्यकश्यप ने तपस्या कर भगवान ब्रह्मा से वरदान मांगा था। भगवान से उसे यह वरदान मिला कि किसी भी अस्त्र शस्त्र से नहीं मारे जाओगे, न रात में, दिन में, न धरती में, न आकाश में। यह वरदान मिलने के बाद हिरण्यकश्यप को लगा कि वह अमर हो चुका है। उसने अपने छोटे भाई का बदला लेने के लिए देवताओं को परेशान किया। हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे प्रह्लाद को अध्य्यन के लिए गुरुओं के पास भी भेजा लेकिन राक्षस का पुत्र होने के बाद भी प्रह्लाद भगवान की भक्ति में मगन रहता था। बालक प्रहलाद की हरि भक्ति की परीक्षा लेने के लिए हिरण्यकश्यप ने कुछ सवाल पूछे। प्रह्लाद ने हिरण्यकश्यप को बताया कि सबसे श्रेष्ठ भगवान हरि हैं इसलिए वो उनकी ही पूजा आराधना करेगा। प्रहलाद ने हिरण्यकश्यप को हरि का ज्ञान करवाया। लेकिन वरदान के मद में चूर हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र को मारने की ठान ली।

हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को लाख समझाया लेकिन प्रह्लाद ने भगवान की भक्ति नहीं छोड़ी। इसके बाद हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को यातनाएं देनी शुरु कर दीं। हिरण्यकश्यप ने अपने सेवकों को प्रहलाद को मारने का आदेश दे दिया। प्रह्लाद पर तीर, भाले, अस्त्र शस्त्र से वार किये गए, लेकिन प्रह्लाद के शरीर पर कोई असर नहीं पड़ा। हिरण्यकश्यप ने परेशान होकर प्रह्लाद को हाथी के पांव के नीचे कुचलने का आदेश दिया, लेकिन हाथियों ने भी प्रह्लाद को नहीं मारा। शेर, विष और हथियार का भी असर नहीं हुआ। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका भी प्रह्लाद को लेकर जलती चिता पर बैठी, होलिका को अग्नि में ना जलने का वरदान मिला था लेकिन उसका वरदान भी काम ना आया। उस अग्नि में हिरण्यकश्यप की बहन होलिका भस्म हो गई। इसी दिन से होलिका दहन की परंपरा शुरू हुई। अब हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद से कहा मैं तुम्हारा वध करूंगा, देखता हूं कहां है तुम्हारा भगवान? इस पर प्रह्लाद ने कहा कि हर कण में भगवान हैं, हिरणकश्यप ने प्रह्लाद से पूछा कि खंबे में भी है। प्रहलाद ने कहा हां है हिरण्यकश्यप ने गुस्से में खंभे पर लात मारी तभी खंभे में से नरसिंह भगवान आकर हिरण्यकश्यप के सामने खड़े हो गए। उन्होंने हिरण्यकश्यप को अपनी गोद में रखा और नाखून से उसका शरीर चीर दिया। इस तरह हिरण्यकश्यप अपने वरदान के अनुरूप न पृथ्वी पर, न आकाश पर , न किसी अस्त्र शस्त्र से, न देव, ना मानव बल्कि नरसिंह भगवान के हार्थों मारा गया। अन्य चरित्रो का वर्णन करते हुए शिव पार्वती जी का विवाह भी बड़ी धूमधाम से किया गया। शिव जी की बारात निकाली गई बड़ी धूमधाम से ढोल धाम की नगरों की साथ फूलों की वर्षा के साथ भक्ति ढूंढते गाते हुए बारात निकाली गई एवं शिव पार्वती विवाह हुआ कथा में उपस्थित राजेश माथुर, मुख्य यजमान प्रीति राजकुमार सक्सेना ,कल्पना राजेश सक्सेना, अरविंद दुबे , सुनीता विजय अरोरा, मंदिर अध्यक्ष रजनी शर्मा, सनाडय ब्राह्मण अध्यक्ष दीपक तिवारी, दिनेश दंडोतिया, रामेश्वर भालोठिया ,विष्णु प्रसाद शर्मा ,मनोज पस्तरिया, शिव गोपाल शर्मा, सतीश शर्मा, शिव मोहन पाराशर, दीपक पराशर आदि समस्त भक्त जनों ने महाराज श्री का स्वागत श्रीफल शाल द्वारा किया।

## अरोरा परिवार की पहल... रखवाई प्याऊ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पंचतत्व संरक्षण समिति गर्मी के मौसम में प्यासे पशुओं को पानी की टंकी और प्यासे पक्षियों के दाना पानी के लिए जल पात्र का वितरण करती है। समिति के इसी पुण्य कार्य से प्रेरित होकर पंचतत्व के सदस्य गौरव अरोरा कला मंदिर वालों ने अनोखी पहल की। बालकृष्ण अरोरा के सुपुत्र मनीष अरोरा और सीमा अरोरा की शादी की 21 वीं सालगिरह पर वार्ड 17 , गोविंदपुरा मोहल्ला में प्यासे पशुओं के लिए 2 टंकी रखवाकर वर्षगांठ मनाई गई।

मनीष अरोरा पंचतत्व के सदस्य भी बने और पर्यावरण के हित में काम करने का संकल्प भी लिया,इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश अरोरा ने कहा कि भीषण गर्मी में जगह जगह प्यासे पशु पानी के लिए घूमते रहते हैं। हम सभी को अन्य उत्सवों एवं विशेष अवसरों पर समारोह आयोजित करने की जगह पानी की टंकी और सकोरे रखवाकर पंचतत्व और




अरोरा परिवार की अनोखी पहल में सहयोग करना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जगह जगह सभी के सहयोग से प्यासे पशुओं के लिए टंकी रखने का संकल्प लिया है जिसमें से एसजीएस कॉलेज के पास, रजोदा कोर्ट के पास, गोकुलधाम, राजेंद्र नगर बीटी आई के पास, विद्युत मंडल के पास स्पंदन अकादमी के पास, गोविंद पुरा आदि अनेक स्थानों पर टंकी रखी जा चुकी है। इस शुभ अवसर पर पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी, प्रमोद सिंह राजपूत, बालकृष्ण अरोरा, रानी अरोरा, स्वीटी अरोरा दीपा अरोरा, सीमा अरोरा, राधा अरोरा, राजकुमार अरोरा, गौरव अरोरा, हर्षित अरोरा, अवधेश तिवारी, सुरेंद्र दांगी, आयुष अरोरा, कार्तिक अरोरा सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मतदान जागरुकता के लिए महिला स्कूटी रैली आज निकलेगी

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 3 मई शुक्रवार को प्रातः 7:00 बजे से महिला स्कूटी रैली निकाली जाएगी। यह रैली पीटीसी ग्राउंड से कॉरिडोर होते हुए राधा तिराहा तथा राधा तिराहा से कगरयाऊ घाटी होते हुए वापस पीटीसी ग्राउंड तक आएगी।

### निर्वाचन व्यय लेखा निरीक्षण में उपस्थित न होने पर नोटिस जारी

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन की प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग समाज पार्टी यूनाइटेड की लक्ष्मी कुशवाहा के द्वारा व्यय अभिकर्ता व्यय प्रेक्षक के समक्ष लेखों के निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं होने पर नोटिस जारी किया गया। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार नाम निर्देशन की तारीख से परिणाम की घोषणा होने तक, दोनों तारीखों को सम्मिलित करते हुयें निर्वाचन के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी स्वयं या उसके निर्वाचन एजेन्ट द्वारा, निर्वाचन के संबंध में सभी व्ययों का विवरण चाहे व्यय उसके द्वारा उपगत या प्राधिकृत किये गये हो या उसके निर्वाचन एजेन्ट द्वारा अलग एवं सही व्यय लेखा रखेगा, अभ्यर्थी निर्वाचन प्रचार अवधि के दौरान कम से कम 3 (तीन) बार स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत निर्वाचन एजेन्ट के माध्यम से व्यय रजिस्टर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे।

### भारत स्काउट गाइड ने मतदाता जागरुकता के लिए रैली से दिया संदेश

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप योजना के माध्यम से भारत स्काउट गाइड द्वारा दीप रंगोली, नारे, वाहन रैली से स्वीप प्लान के अंतर्गत सभी को मतदान हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया। भारत स्काउट एवं गाइड संभागीय मुख्यालय से मतदान करने हेतु स्लोगन चार्ट पोस्टर एवं रंगोली, पोस्टर रैली के माध्यम से भी शत प्रतिशत जागरुकता हेतु संदेश दिया गया।

डीएनए रिपोर्ट एवं जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दंडित किया

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी निखिल पटैल को पॉक्सो एक्ट, 2012 की धारा- 5एल/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की।



घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता/पीड़िता के पिता ने 9 जून 2022 को थाना में इस आषय की रिपोर्ट लेख कराई कि उक्त दिनांक को बालिका स्कूल जाने का कहकर गई थी तथा लौटकर वापस नहीं आई जिसकी तलाश आसपास करने तथा रिश्तेदारी में पता करने पर उसका कोई पता नहीं चला किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 14 जुलाई 2022 को बालिका को दस्तयाब किया जाकर उसके कथन लेख किये गये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना- द्वारा धारा 363,366, 376(2) (एन) भा.दं.सं. एवं धारा 5एल/6, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

### चुनाव में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन में चुनावी प्रक्रिया पर नजर बनाए रखने के लिए सभी माइक्रो आब्जर्वर को अपना कार्य सफलतापूर्वक संपादित कराने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक श्रीमती अंजलि सहरावत ने माइक्रो आब्जर्वर्स को बताया कि सामान्य प्रेक्षक के नियंत्रण और पर्यवेक्षण में कार्य करेंगें। माइक्रो-ऑबजर्वर को आवंटित मतदान केंद्रों में संचालित समग्र निर्वाचन प्रक्रिया का अवलोकन करना होगा। जब भी माइक्रो-ऑब्जर्वर को लगे कि किसी भी कारण से निर्वाचन प्रक्रिया का पालन नही हो रहा है तो, सामान्य प्रेक्षक को फोन, वायरलेस या किसी अन्य उपलब्ध संचार चैनल की सहायता से प्रेक्षक को सूचित करेंगें। मतदान के पश्चात, माइक्रो ऑब्जर्वर, संग्रह केंद्रों में सामान्य ऑब्जर्वर के समक्ष उपस्थिति दर्ज करावेंगें एवं रिपोर्ट वाले लिफाफे को उन्हें सौंप देंगे।




# महाविद्यालय में सत्र 2024 25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में सत्र 2024 - 25 में ई प्रवेश हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत/नियम उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया 1 मई 2024 एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 2 मई 2024 से प्रारंभ हो चुकी है। शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरोंज में स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए में विद्यार्थी प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित एमए राजनीति शास्त्र, हिंदी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, एमकॉम एवं पीजीडीसीए में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थी अपना आवेदन स्वयं के मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर या किसी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर कर सकते हैं। साथ ही विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित किए जाएंगे। विद्यार्थियों द्वारा रजिस्टर्ड किए गए मोबाइल नंबर पर यदि त्रुटि सुधार से संबंधित कोई मैसेज प्राप्त होता है तब तत्काल महाविद्यालय में जाकर त्रुटि सुधार आवश्यक रूप से करवा लें। स्नातक स्तर में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। वही स्नातकोत्तर स्तर में प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई 2024 है। महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, स्पोर्ट्स की गतिविधियां संचालित की जाती हैं। मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न छात्रवृतियां पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, सेंट्रल सेक्टर छात्रवृत्ति, मेधावी छात्र योजना जनकल्याण योजना का भी लाभ विद्यार्थियों को दिया जाता है। नवीन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समस्त विद्यार्थियों को एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट आईडी (एबीसी आईडी)बनवाना आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थी का अंक सूची में नाम एवं जन्म तिथि आधार कार्ड से मिलना चाहिए। यदि किसी विद्यार्थी की अंकसूची एवं आधार कार्ड में भिन्नता है तब आधार कार्ड को अपडेट करवा ले।प्रवेश से संबंधित कोई भी जानकारी ई प्रवेश के नोडल अधिकारी प्रोफेसर भगवत सिंह पाल एवं प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत से से प्राप्त कर सकते हैं।



## स्वसहायता समूहों ने रैली निकालकर मतदान करने के लिए जागरुक किया

**सागर।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों द्वारा जिले में लगातार अनेक गतिविधि आयोजित की जा रही है, स्वीप नोडल पी. सी. शर्मा के मार्गदर्शन में सागर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्रामो में स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने समूह की महिलाओं द्वारा ग्रामो में जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जन मतदान हेतु जागरूक हो, घर-घर जाकर पीले चावल देकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु आहवान किया जा रहा है, मतदान सन्देश वाली मेहंदी लगाकर मतदान हेतु उत्साह वर्धन किया जा रहा है, आजीविका मिशन की समूह सदस्य सतत स्वीप गतिविधि के कार्यक्रम कर रही है।

## आदित्य सोनी बने एडीपीओ, प्रदेश में पहली रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2021 के परिणाम घोषित किए गए है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी परीक्षा 2021 का रिजल्ट 30 अप्रैल को घोषित कर दिया है। इसमें सागर के आदित्य सोनी ने पूरे प्रदेश में पहली रैंकिंग प्राप्त कर सागर जिले का गौरव बढ़ाया है। सागर के श्रीराम नगर के निवासी आदित्य सोनी ने एमपी पीएससी की सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी की परीक्षा को प्रथम प्रयास में ही प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। आदित्य सागर जिला ग्राम टड़ा, केसली के मूल निवासी है।



### दादा जी का सपना कर दिया साकार

आदित्य का कहना है कि उनके दादा स्व. काशीराम सोनी का सपना था कि आदित्य प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान दें। ईश्वर की कृपा और आदित्य की मेहनत से उनका यह सपना पूरा हुआ। आदित्य के पिता राजेश कुमार सोनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितौरा में शिक्षक है माता अंजू सोनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाद्यराज तिली में शिक्षिका है।

आदित्य ने डॉ. सर हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय से वर्ष 2021 में बी.ए. एल. एल. बी (आनर्स) की डिग्री प्राप्त की और इसके पश्चात ये प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने लगे और सफलता प्राप्त की और इसका श्रे वे माता-पिता, गुरुजन ईश्वर, माता एवं अपने भाई अंकित सोनी (आईपीएस) जो वर्तमान में मनावर (धार) में पदस्थ है को देते हैं, जिन्होने आदित्य को उचित मार्गदर्शन प्रदान किया और उनकी सफलता में अपना योगदान दिया।

## नृत्य प्रतियोगिता में दिया मतदान करने का संदेश

**सागर।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु जिला प्रशासन एंव डॉ हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता गीतों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य रहे तथा अध्यक्षता डॉ नीलिमा गुप्ता कुलपति डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्विविद्यालय ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पीसी शर्मा जिला नोडल अधिकारी स्वीप, रूपेश उपाध्याय अपर कलेक्टर, विजय डहेरिया एआरओ, प्रोफेसर एडी शर्मा रहें। कुलपति डॉ नीलम गुप्ता ने कहा मतदान किसी भी देश के लिए गर्व का विषय होता है। विश्व में अनेक ऐसे देश रहे है जिन्होने लिंग के आधार पर मतदान में भेदभाव किया है, भारतीय लोकतंत्र ने स्तंत्रता के पश्चात ही समानता के अधिकार के आधार पर मतदान का अधिकारी दिया है।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सागर इकाई ने राज्यपाल के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** मजदूर दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सागर जिला ईकाई द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में राज्यपाल के नाम श्रमजीवी पत्रकारों की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर सागर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि संगठन पत्रकारों की समस्याओं के साथ ही श्रमजीवी पत्रकारों के माध्यम से समाज और शासन के बीच सेतु के रूप में कार्य करते हुए जनकल्याण और जनहितेषी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। लेकिन पत्रकारों की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, पत्रकार भवन की भूमि वापस हो, श्रमविभाग के सहयोग से कमेटियां बनें, संभाग व जिला स्तर पर श्रमजीवी पत्रकार प्रकोष्ठ बनाए जाएं, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ दिया जाए, श्रमजीवी पत्रकार कल्याण आयोग का गठन हो, विज्ञापन की एक समान नीति बने, तहसील स्तर पर सूचना सहायक नियुक्त किए जाएं, टोल नाकों पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के कार्ड को मान्यता दी जाए, इसके अलावा कई और मांगें भी ज्ञापन में शामिल की गईं।

# 'पहुंचो बूथ, करो मतदान' थीम पर मतदाता जागरूकता, रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶शमशाबाद

लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए निर्वाचन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है. घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है मतदाता जागरूकता के लिए नगर सहित क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।




एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने शासकीय कर्मचारियों, स्वयं सेवी संगठनों के साथ मतदाताओं को जागरूक करने नगर में डी जे की धुन पर पहुँचो बूथ, करो मतदान की थीम पर मशाल जुलूस निकाला गया । हाथ में मशाल लेकर कर्मचारी पूरे जोश के साथ नागरिकों से मतदान करने की अपील करते हुए निकले, एस डी एम अजय प्रताप सिंह ने नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता पेंपलेट वितरित किए।

तहसीलदार दीपक द्ववेदी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व को उत्सव के रूप में मनाया जाए, जिससे मतदाता को मतदान करने के बाद गर्व की अनुभूति हो सके। इस अवसर पर नायब तहसीलदार शंकर लाल नेगी, नगर निरीक्षक जसवंत सिंह मीणा, सीएमओ मो सलीम खान, मंडी सचिव एफएस चौहान, शिक्षक कमलेश सेन, मांगीलाल माहेश्वरी,बालाराम नामदेव ,पटवारी धर्मेन्द्र प्रजापति, रमेश आर्य, लखमी चन्द साहू,वीरम गुर्जर, बाबूलाल सेन, पत्रकार ईश्वरी भार्गव, हनीफ खान ,सुनील जाट, वीरेन्द्र कुमार सहित नगर के समाजसेवी,पत्रकार, खेल युवा कल्याण विभाग सहित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वात्सल्य कॉन्वेट हासे स्कूल का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम



**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था वात्सल्य कॉन्वेट हा.से. स्कूल का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 वीं ,12वीं बोर्ड परीक्षा का उत्कृट परिणाम रहा। छात्रों ने जिले की प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त कर नगर स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन किया । वात्सल्य स्कूल की छात्रा सृष्टि आचार्य पुत्री विनय आचार्य ने कक्षा 12 वीं में 94.2 प्रतिशत अंक गणित संकाय में प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रा रिशिका सक्सेना पुत्री आलोक सक्सेना ने कक्षा 12 वीं में कॉमर्स संकाय में 9& प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं का उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम आने से छात्र/छात्राओं पालकों में भारी हर्ष बना हुआ हैं। प्राचार्य ,शिक्षक -शिक्षिकाओं ने मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ञवल भविष्य की कामना की।

### बरेली विद्या मंदिर हायर सेकंडरी का बेहतर रहा बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम

**बरेली।** नगर के पहले प्रायवेट स्कूल बरेली विद्या मंदिर हा.से. जिसका संचालन वारना अंचल विकास समिति द्वारा किया जाता हैं। कक्षा 5 वीं , 8 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का बेहतर परीक्षा परिणाम आने से छात्रा -छात्राओं , पालकों एवं स्कूल परिवार में भारी हर्ष का माहौल बना हुआ हैं।



कक्षा 12 वीं में अनय सखलेचा ने 84.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान , वृज सिंह ठाकुर ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया । कक्षा 10 वीं में श्लोक धाकड़ ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान , दीपाली मांझी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 8 वीं में इशिका धाकड़ ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम , राधिका धाकड़ ने 78 .8& प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 5 वीं में वैशाली ठाकुर ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं आकाश ठाकुर ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया । बेहतर परीक्षा परिणाम , छात्रा /छात्राओं को मिली सफलता पर वारना अंचल समिति समिति के अध्यक्ष जगदीश गोदानी उपाध्यक्ष भगवानदास राठी , सचिव अजीत धारीवाल ,कोषाध्यक्ष राधाशरण चौरसिया, सह सचिव सुदामा प्रसाद सोनी सहित स्कूल के शिक्षक -शिक्षाकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

### वापोली वाले गुरूजी की 26वीं पुण्यतिथि पर वापोली धाम में वायु महापुराण कथा व रूद्राभिषेक का आयोजन

**बरेली।** सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ब्रम्हलीन पूय सश्ाानंद घन महाराज वापोली वाले गुरूजी के नाम से विख्यात रहे। पू. गुरूजी प्रकांड भागवत कथा व्यास के साथ तयोनिष्ठ संत थे। उनकी 26 वीं पुण्य तिथि पर तस्पया साधना स्थली प्राचीन शिव स्थान वापोली धाम में विशेष आयोजन 2 से 9 मई तक आ यो जि त किया जा रहा हैं। ब्रम्हलीन पू. वापोली वाले गुरूजी के परम शिष्य महामण्डलेश्वर पू. ब्रम्हचारी जी महाराज के मुखारविंद से क्षेत्र के धर्म प्रेमियों को श्रीमद वायु महापुराण कथा श्रवण का पुण्य अवसर प्राप्त हो रहा हैं। इसी के साथ रूद्राभिषेक का भी भव्य आयोजन गुरूवार को विभिन्न पूजा पाठ,शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।



मौन साधनारत लाल बाबा जी - पू. वापोली वाले गुरूजी के दूसरे शिष्य पू. लाल बाबाजी जम्मू वाले वर्षों से सूर्योंदय से सूर्यास्त तक मौन रह कर वापोली धाम में साधना तपस्या कर रहे हैं। विंध्य पर्वत की तलहटी में नगर से लगभग 15 कि.मी. दूर वापोली धाम शिव भक्तों का दशकों से श्रद्धा केंद्र बना हुआ हैं। जहां शिवरात्रि पर भक्तों का मेला लगता हैं समीप ही जामगढ़ एवं भगदेई ऐतिहासिक प्राचीन स्थल हैं। विंध्य की ऊंची पहाड़ी पर तिल गणेश का सदियों पुराना प्रसिद्ध मंदिर भी हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर पहुंचे कुरवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

लोकसभा चुनाव के पहले दो चरण में वोटिंग प्रतिशत कम होने के कारण निर्वाचन आयोग ने आगे संपन्न होने वाले मतदान में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए सरकारी अमले को मैदान में उतार दिया है।

गुरुवार को सागर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुरवाई विधानसभा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मैदानी अमले की बैठक लेने के लिए कलेक्टर विदिशा बुद्धेश कुमार वैद्य ,निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक मधुर अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ योगेश कुमार भरसट, जनसंपर्क अधिकारी बी एल अहिरवार, एसडीएम मनोज कुमार प्रजापति तहसीलदार संदीप शर्मा, पठारी तहसीलदार अभिषेक पांडे, जनपद पंचायत सीईओ आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में उत्सव गार्डन में के तहत मतदाता जागरूकता बैठक संपन्न हुई।




2019 में लोकसभा चुनाव में जिन पोलिंग बूथ पर कम वोटिंग हुई थी उनको चिन्हित कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए उस पोलिंग बूथ के मैदानी अमले बीएलओ , पटवारी ,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता एवं सभी पोलिंग बूथों के मैदानी हमले को बुलाकर स्थानीय उत्सव गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया। केंद्रीय पर्यवेक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक मतदान करने एवं कराने के लिए शपथ दिलाई। जिला पंचायत सीईओ ने 2019 में जिन पोलिंग बूथ पर 90% के आसपास वोटिंग हुई थी, उन पोलिंग बूथ के बीएलओ और उनके सहायकों को मंच के पास बुलाकर चुनाव के दौरान उनके द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों और अनुभवों को सभी के साथ सांझा करने के लिए कहां गया।

खिरिया एवं जोनाखेड़ी में वोटिंग प्रतिशत 90 के आसपास रहा था वहां की टीम को अपने अनुभव सभी को बताने के लिए मंच पर बुलाया जिसमें खिरिया के बीएलओ गणेशराम प्रजापति ने बताया कि उन्होंने वोटिंग के पहले बारीकी से वोटर लिस्ट का अध्ययन कर जो वोटर गांव से बाहर रहते हैं या दूसरे शहर में रहने लगे हैं। जो वोट करने नहीं आते उनसे बात करके उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए। बाकी जो मजदूरी आदि के कारण वोट डालने नहीं आते उनको प्रोत्साहित कर वोट डालने के लिए मनाया, उन्हें साधन उपलब्ध कराया ताकि वह वोट डालकर समय पर अपने काम पर पहुंच सके। जिस कारण से वोटिंग प्रतिशत बढ़ पाया । मंच पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने ताली बजाकर खिरिया की टीम का उत्साह वर्धन किया। सीएम राइज स्कूल के छात्रों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए लघु नाटिका प्रस्तुत की। संचालन सीएम राइज के प्रिंसिपल रश्मिकांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# सिंघोरी अभ्यारण्य की बाड़ी बम्होरी रेंजों में सक्रिय सागौन कटाई परिवहन माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

दशकों पूर्व बाड़ी एवं बम्होरी रेन्जों को मिला कर सिंघारी अभ्यारण्य बनाया गया। अभ्यारण्य में अनेक प्रकार के वन्य प्राणी भारी संख्या में निवास करते हैं। पिछले दशकों में बाड़ी, बम्होरी रेंजों के सागौन की अवैध कटाई का जोर बना रहने और वाहनों से चोरी छिपे परिवहन होने से सागौन ही नहीं अन्य प्रजाति के वृक्षों का निरन्तर से हो रहा हैं। वन्य प्राणियों को गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था के नाम पर डबरा -डबरी , स्टाप डेम, तालाब निर्माण में लाखों की राशि खर्च होने के बाद पानी के दर्शन न होने से भीषण गर्मी से तपे पहाड़ों से वन्य प्राणी पलायन कर ग्रामीण क्षेत्र में पलायन करने मजबूर बने हुए हैं।

अभ्यारण्य क्षेत्र में सागौन के वृक्षों की अवैध कटाई के लिए अनेक गिरोह सक्रिय बने हुए हैं। वन विभाग के कर्मचारी अधिकारी वनों की सुरक्षा देखभाल के लिए वीटों में न रह कर बाड़ी बम्होरी में दिखलाई देने के कारण सूने जंगल भगवान भरोसे बने रहने से हरे-भरे वृक्षों पर माफियो की कुल्हाड़ी भारी चलती रहती हैं। जंगल कटाई के सबूत मिटाने के लिए ठूठों को जला देने सक्रियता रहने से कभी भी अभ्यारण्य क्षेत्र के जंगलों में आग भड़क उठने की स्थिति बन जाती हैं। जंगल कटाई के सबूत मिटाने ठूठों को जलाने उखाड़ने के बाद वन विभाग की कई सौ एकड़ भूमियों पर अवैध कब्जा, अवैध खेती करने का व्यापक कारोबार फैला हुआ हैं। विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता से अवैध खेती का कारोबार निरंतर बढ़ता जा रहा हैं। बाड़ी रेन्ज का अधिकांश सागौन अवैध कटाई की भेंट चढ़ चुका हैं। बम्होरी रेन्ज के सागौन कटाई के बाद पिकअप वाहनों, ट्रेक्टर -ट्रॉलियों में अन्य सामान के साथ परिवहन के अनेक मामले पूर्व में पकड़े जा चुके हैं। मोटर साईकिलों पर सागौन की चरपटों का परिवहन आम बात बना हुआ है। सिंघोरी अभ्यारण्य के भीतर दर्जनों ग्राम बसे हुए हैं। जहां वाहनों को निरंतर वेरोक -टोक आवागमन होता रहता हैं। दशकों बीत गए अभी तक अभ्यारण्य की बाउंड्रीबाल या फैंसिंग भी नहीं हुई। वन विभाग के जांच नाके मात्र औपचारिकता कर रहे हैं।



### रायसेन जिले के 918 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से होगी वोटिंग

# लोस सीट 'विदिशा' में वोटिंग 7 मई को 19 लाख 38 हजार वोटर करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-18 विदिशा के लिए मतदान आगामी 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक सम्पन्न होना है। विदिशा लोकसभा में शामिल रायसेन जिले के विधानसभा क्षेत्र सांची, सिलवानी और भोजपुर में 918 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। विदिशा संसदीय क्षेत्र में कुल 19 लाख 38 हजार 343 मतदाता हैं। इनमें 10 लाख 4 हजार 254 पुरूष मतदाता, 9 लाख 34 हजार 46 महिला मतदाता तथा 43 अन्य मतदाता शामिल हैं।

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा अंतर्गत आने वाले जिले के भोजपुर विधानसभा में कुल 2 लाख 60 हजार 639 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 35 हजार 203 पुरूष मतदाता, 1 लाख 25 हजार 423 महिला मतदाता और 13 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 928, इपी रेशो 68.08, पीडब्ल्यूडी मतदाता 3 हजार 315, 18 से 19 वर्ष के 8 हजार 402 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3130 मतदाता और 109 सर्विस मतदाता हैं। सांची विधानसभा में कुल 2 लाख 68 हजार 723 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 39 हजार 554 पुरूष मतदाता, 1 लाख 29 हजार 172 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 926, इपी रेशो 64.54, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2 हजार 794, 18 से 19 वर्ष के 9 हजार 835 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3 हजार 606 मतदाता और 182 सर्विस मतदाता हैं।




सिलवानी विधानसभा में कुल 2 लाख 29 हजार 940 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 19 हजार 726 पुरूष मतदाता, 1 लाख 10 हजार 212 महिला मतदाता और 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 921, इपी रेशो 64.48, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2 हजार 15, 18 से 19 वर्ष के 9 हजार 665 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2 हजार 914 मतदाता और 70 सर्विस मतदाता हैं।

#### बुधनी में वोटर की संख्या

इसी प्रकार बुधनी विधानसभा में कुल 2 लाख 75 हजार 979 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 42 हजार 676 पुरूष मतदाता, 1 लाख 33 हजार 297 महिला मतदाता और 06 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 934, इपी रेशो 64.5, पीडब्ल्यूडी मतदाता 4 हजार 930, 18 से 19 वर्ष के 8 हजार 126 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3 हजार 801 मतदाता और 195 सर्विस मतदाता हैं।

#### इछावर में वोटर की संख्या

इछावर विधानसभा में कुल 2 लाख 26 हजार 355 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 17 हजार 748 पुरूष मतदाता, 1 लाख 8 हजार 606 महिला मतदाता और 01 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 922, इपी रेशो 62.89, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2 हजार 165, 18 से 19 वर्ष के 7 हजार 828 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3 हजार 924 मतदाता और 378 सर्विस मतदाता हैं।

#### खातेगांव में वोटर की संख्या

खातेगांव विधानसभा में कुल 2 लाख 36 हजार 400 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 21 हजार 574 पुरूष मतदाता, 1 लाख 14 हजार 825 महिला मतदाता और 01 अन्य मतदाता शामिल हैं।

इसी प्रकार जेण्डर रेशो 944, इपी रेशो 66.85, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2 हजार 386, 18 से 19 वर्ष के 6 हजार 306 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 1 हजार 579 मतदाता और 40 सर्विस मतदाता हैं।

#### विधानसभा विदिशा में वोटर की कुल संख्या

संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा में शामिल विधानसभा क्षेत्र विदिशा में कुल 2 लाख 27 हजार 116 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 16 हजार 556 पुरूष मतदाता, 1 लाख 10 हजार 553 महिला मतदाता और 7 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेंडर रेशो 948, इपी रेशो 65.24, पीडब्ल्यूडी मतदाता 1000., 18 से 19 वर्ष के 7 हजार 512 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 3 हजार 170 मतदाता और 128 सर्विस मतदाता हैं।

#### बासोदा में वोटर की संख्या

बासोदा विधानसभा में कुल 2 लाख 13 हजार 191 मतदाता हैं, जिनमें 1 लाख 11 हजार 227 पुरूष मतदाता, 1 लाख 1 हजार 958 महिला मतदाता और 6 अन्य मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार जेण्डर रेशो 917, इपी रेशो 62.97, पीडब्ल्यूडी मतदाता 2 हजार 472, 18 से 19 वर्ष के 8 हजार 758 मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2 हजार 855 मतदाता और 115 सर्विस मतदाता हैं।

# मौसी सास की लड़की से भाई की शादी न होने पर मारपीट, घायल

### सलामतपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया जांच में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र अंतर्गत रिश्तेदारी में शादी नहीं होने देने के चलते एक युवक के साथ मारमीट की वारदात हो गई। जानकारी के मुताबिक सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सत्ती बांसिया निवासी संतोष पिता राधेश्याम सहरिया उम्र 27 वर्ष जो गांव के ही एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी से काम करता हैं।

उसी के साथ उसका साढ़ू भाई लीलाकृष्ण भी काम करता है। ईंट भट्ठे से मजदूरी कर घर वापस जाते वक्त फरियादी संतोष का साढ़ू भाई लीलाकृष्ण द्वारा मौसी सास की लड़की से भाई की शादी नहीं होने देने की बात पर से गाली गलौज करने लगा। वहीं संतोष द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी लीलाकृष्ण ने संतोष के साथ ईंट से मारपीट कर दी। जिससे संतोष के पीठ और सिर में चोटें आई हैं।

मारपीट के समय गांव के लोगों ने बीच बचाव किया। तब मामला शांत हुआ। इस मामले में विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक संजय लोवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम सत्ती बांसिया में मौसी सास की लड़की से भाई की शादी नहीं होने देने की बात पर लीलाकृष्ण ने फरियादी संतोष सहरिया के साथ ईट से मारपीट कर दी।

फरियादी का मेडिकल कराने के उपरांत फरियादी संतोष की रिपोर्ट पर उसके साढ़ू भाई आरोपी लीला कृष्ण पर 294, 323,506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

#### रंजिश को लेकर युवक पर किया हमला

*सलामतपुर। थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश पर एक युवक के साथ मारपीट की वारदात हो गई। मारपीट में युवक के कंधे पर धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया गया। सलामतपुर पुलिस ने आरोपी पर 294, 323, 506 आईपीसी का प्रकरण पंजीबद्ध विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी गजराज अहिरवार पिता गुलाब सिंह अहिरवार निवासी बेरखेड़ी टुंडा को गांव के ही आरोपी सीताराम अहिरवार ने मां बहन की गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर धारदार हथियार से कंधे पर चोट पहुंचा दी। जिसकी वजह से गजराज अहिरवार के कंधे में गहरी चोट आई है। पुलिस ने युवक का प्राथमिक उपचार सांची सिविल अस्पताल में कराने के उपरांत मामले को जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही परिवार का रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर सीताराम अहिरवार ने गजराज अहिरवार के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।*

#### प्रभात फेरी निकाली

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत गुरूवार को रायसेन, सांची, बाड़ी, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज तथा मण्डीदीप के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं को आगामी 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें पीले चावल देकर मतदान हेतु आमंत्रित भी किया जा रहा है। ग्राम सोनपुरा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली व मतदान की शपथ दिलाई।

# गांव मादा में ग्रामीण पानी की समस्या को लेकर परेशान

### नल जल योजना के तहत डाली मोटर जली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लॉक के के अंतर्गत आने वाली पंचायत शाहपुर के ग्राम मादा में दो वर्ष पहले नल जल योजना के तहत पाइपलाइन डाली गई थी। 2 साल में केवल दो दिन ही चली लाइन इसके बाद बंद हो गई। राज सरकार और केंद्र सरकार घर-घर टोटी से पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है मगर ग्रामीणों को फिर भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। दीवानगंज के गांव सत्ती, झुंड खोया मादा, आदि गांव में आज भी ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। जबकि इन गांव में नल जल योजना के तहत पाइप लाइन 2 साल पहले बिछा दी गई है। मगर किसी गांव में मोटर जल गई तो किसी गांव बोर में पानी कम हो गया।

मादा गांव में रहने वाले तुलसीराम, दौलत राम, मंगल सिंह, आदि ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन केवल एक-दो दिन चली फिर बंद हो गई। हमने कई बार ठेकेदार को फोन लगाकर पाइप लाइन नहीं चलने की शिकायत की है ठेकेदार फोन पर कह देता है कि एक-दो दिन में चालू हो जाएगी मगर 2 महीने हो गए अभी तक लाइन चालू नहीं हुई। नल जल योजना के तहत मादा गांव में पाइपलाइन दो साल बिछाई गई थी।

जमनाबाई, कलाबाई, कुंवर बाई, संगीता बाई आदि महिलाओं का कहना है कि पाइपलाइन से केवल आधे गांव को ही पानी पहुंच पा रहा है। जबकि आधे गांव में पाइप लाइन द्वारा पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे हम घंटे नलों के पास बैठकर पानी आने का इंतजार करते हैं लेकिन तब तक पानी आता है तब तक लाइन बंद हो जाती है। जब से लाइन बिछाई गई है तबसे आज तक केवल दो दिन ही नलों में पानी आया है। हम ग्रामीणों ने कई बार आवेदन दिए हैं। मगर सुनवाई नहीं होती है। सौदान सिंह, विजय राम ने कहा है कि हम ठेकेदार को फोन लगाते हे तो ठेकेदार आज कल आज कल करते है लेकिन आता कोई नहीं है।

ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उस शिकायत का भी कोई हल नहीं हुआ है। गांव की महिलाओं को कहना है कि हैंड पंप लोगों को पानी के लिए लंबी लाइन में खड़े होकर पानी भरना पड़ता है। हम लोग पानी के चक्कर दूसरे काम नहीं कर पाते हैं। पूरा दिन पानी भरने मैं गुजर जाता है। गांव में दो हैंडपंप हे लेकिन दोनों में पीने लायक पानी नहीं आता। मगर मजबूरन में उसके लिए भी लंबी लाइन लगाकर पानी भरना पड़ता हैं।

#### इनका कहना है

*2 साल के अंदर दो बार मोटर डलवा चुके हैं, लेकिन बिजली खराब होने के कारण हर बार मोटर जल जाती है हमने गांव के ही व्यक्ति विक्रम सिंह को वहां पर मोटर चलाने के लिए रखा है। उससे कहा है कि जली हुई मोटर को निकाल कर दूसरी नई मोटर डाल दे।*

*पंकज चौधरी, ठेकेदार*

#### कबड्डी तथा वॉलीबॉल में पारंगत होंगे स्कूली बच्चे

**सिलवानी।** खेल युवा कल्याण विभाग के बैनर तले ग्रामीण युवा केंद्र के द्वारा ग्रीष्म कालीन समर कैंप का आयोजन नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेठ अमरचंद्र समैया सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान पर किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले समर कैंप में कबड्डी तथा व्हालीबाल खेल में स्कूली बच्चे को पारंगत किया जाएगा। युवा समन्वयक कमलेष जाटव ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप में कबड्डी तथा व्हॉलीबाल की विधा में स्कूली बच्चो को प्रशिक्षित किया जाएगा । सुबह व शाम के समय की दो पाली में समर कैंप आयोजित किया जा रहा हैं, जिसमें कि प्रारंभ में करीब 45 बच्चे शामिल हो रहे है,आने वाले दिनो में संख्या और भी बढ़ेगी। मैदान पर खेलो का अभ्यास करने प्रतिदिन आने वाले बच्चे मनोयोग से खेलो की बारीकी समझ रहे है।

# फ्लैग मार्च निकाल पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

◆ *बीएसएफ तथा पुलिस के जवान मार्च में हुए शामिल*

### चुनाव के लिए पुलिस मुस्तैद, शांति व्यवस्था भंग करने पर सख्त कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लोकसभा चुनाव को लेकर एरिया डोमिनेशन के तहत पुलिस प्रशासन ने शहर में ताकत का एहसास कराया। चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वालों को चेतावनी दी कि अगर चुनाव में किसी ने व्यवधान पहुंचाने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। वहीं लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

सोमवार को शाम के समय नगर सिलवानी में एसपी विकास सहबाल के निर्देशन व एसडीओपी अनिल मौर्य तथा टीआई डीपी सिंह के नेतृत्व में पष्चिम बंगाल की सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी कंपनी)तथा स्थानीय पुलिस के जवानो ने नगर में फ्लैग मार्च निकाला। चुनाव कराने आए विशेष सुरक्षा दस्ते एवं स्थानीय पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकालकर चुनाव के दौरान माहौल खराब करने की फिराक में जुटे असामाजिक तत्वों को खुली चेतावनी दे दी है।



यदि किसी तरह से स्थिति खराब करने की कोशिश की गई। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए सुरक्षा के तमाम कदम उठाए जा रहे हैं। अपराधियों में खौफ पैदा करने और लोगों में सुरक्षा का एहसास कराने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया।

# सलामतपुर पुलिस ने अवैध शराब के 18 क्वार्टर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बुधवार को पुलिस को सूचना मिली की कोई युवक सलामतपुर रेलवे रेक पॉइंट के पास अवैध रूप से शराब बोरी में भरकर बेचने ले जा रहा है। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के निर्देशन में एएसआई सुनील शर्मा और प्रधान आरक्षक गणेश सिंह रघुवंशी ने रेलवे रेक पॉइंट के पास से घेराबंदी की और आरोपी रोहित मांझी पिता राम सिंह मांझी निवासी राजीवनगर सलामतपुर को 18 देसी शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग अट्ठारह सौ रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चलते नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।

# आधी रात रुकवाया बाल विवाह बिना दुल्हन के लौटी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शादियों के सीजन में ग्रामीण अंचल में बाल विवाह के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों जहां समझाइश के बाद बालविवाह रोका गया था, वहीं सोमवार देर रात भी सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के नौगांव में एक बाल विवाह रुकवाया गया। यदि जरा सी देर हो जाती तो विवाह हो चुका होता। ऐसे में बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौटी।

बता दें कि सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नौगांव में एक बाल विवाह होने की सूचना प्रशासन को मिली थी। देर रात बारात बालिका बधु के दरवाजे पर पहुंच गई थी और वधु पक्ष के लोग बारातियों का स्वागत कर रहे थे। तभी महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ पुलिस और कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के सदस्य वहां पहुंचे। पुलिस के साथ पहुंची टीम ने परिवार जनों से चर्चा कर वधु की उम्र संबंधी दस्तावेजों मांगे, लेकिन परिजनों ने दस्तावेज दिखाने में टालमटोल की। लेकिन जब टीम ने कार्रवाई का डर दिखाया तो परिजन दस्तावेज दिखाने के लिए तैयार हुए। दुल्हन की मार्कशीट के हिसाब से उसकी आयु 16 वर्ष 3 महीने थी। ऐसे में टीम ने बाल विवाह रोकते हुए बेटी की शादी 18 साल के बाद करवाने की समझाईश दी। जिस पर परिजन सहमत हुए और बारात बिना विवाह के ही वापस लौट गई।



### जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सेक्टर अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों का करें निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा चुनाव अंतर्गत विदिशा सीट में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्र भोजपुर, सांची तथा सिलवानी में आगामी 7 मई को मतदान होगा। निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में सांची विधानसभा के सेक्टर ऑफीसर तथा पुलिस सेक्टर ऑफीसरों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एसपी विकास शहवाल तथा सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार तथा एसडीएम पीसी शाक्या भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी दुबे ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर अधिकारी तथा पुलिस सेक्टर अधिकारी अपने-अपने मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे रैम्प, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि का भी अवलोकन करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतः पालन कराते हुए मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना है। मतदान दिवस के पूर्व तथा मतदान दिवस पर की जाने वाली कार्यवाहियों से भलींभाति अवगत रहें। मतदान दिवस पर मॉकपोल तथा मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय पर प्रारंभ हो।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य बीएलओ, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूहों द्वारा मतदान केन्द्र क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। सेक्टर अधिकारी और पुलिस सेक्टर अधिकारी भ्रमण के दौरान इन गतिविधियों की भी जानकारी लें। साथ ही उन्हें निर्देशित करें कि सभी मतदाताओं को यह बताना है कि मतदान करने के लिए मतदाता पर्ची के साथ वोटर आईडी कार्ड या अन्य निर्धारित 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र में से कोई दस्तावेज साथ लाना जरूरी है। मतदान दिवस पर केन्द्रों का भ्रमण करें तथा हर मतदाता मतदान केन्द्र आकर मतदान करें।

बैठक में एसपी ने पुलिस सेक्टर अधिकारियों से कहा कि वह सेक्टर अधिकारियों के साथ समन्वय रखें तथा मतदान केन्द्रों का सतत भ्रमण करें। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व भी मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदानकर्मियों से संवाद करें। सभी को स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराना है। सांची विधानसभा की सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी लें तथा बीएजी ग्रुप के सदस्यों द्वारा की जा रहीं स्वीप गतिविधियों की मॉनीटरिंग भी करें।

# स्वीप मतदाता जागरूकता रैली निकाल वोट डालने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले में लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुलगांव में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। वहीं अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों द्वारा मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य, शिक्षक, बीएलओ कुलदीप तिग्गा, गुलगांव पंचायत के सचिव मुकेश कुमार, सहायक सचिव फैजान खान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कौशल्या यादव, आशा कार्यकर्ता सहित ग्रामीण मौजूद थे।




#### मतदान हेतु डोर टू डोर कर रहे जागरूक

*सांची जनपद क्षेत्र में बीएलओ, शिक्षक, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्व-सहायता समूहों की सदस्य, एएनएम, सचिव, जीआरएस, सहित अन्य सदस्य डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए 07 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सांची जनपद सीईओ बंदू सूर्यवंशी ने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन में सभी के प्रयासों से जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। लोकसभा निर्वाचन में इससे भी अधिक मतदान सम्पन्न कराना है। सभी पूरी लगन और मेहनत से प्रयास करें। एक-एक मतदाता को मतदान केन्द्र तक लाकर मतदान कराना है। उन्होंने बताया कि अधिक मतदान प्रतिशत होने पर पुरस्कृत तथा सम्मानित भी किया जाएगा।*